प्रकाशक – स.प्र.प्र.सं. पुस्तकालय **मई 2024** वर्ष. – 3, अंक – 4

# आई.एस.टी.एम. लाइब्रेरी इन्फोर्मेशन बुलेटिन

**"इस "सूचना बुलेटिन" का उद्देश्य आईएसटीएम पुस्तकालय की सेवाओं और गतिविधियों के बारे में जागरूकता फैलाना है और सभी उपयोगकर्ताओं के उपयोग के लिए "ओपन एक्सेस" के रूप में उपलब्ध अनुसंधान और प्रबंधन उपकरणों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।"**

## गूगल जेमिनी

### GEMINI के बारे में:




गूगल जेमिनी एक बहुमुखी AI टूल है जो टेक्स्ट, कोड, इमेज और ऑडियो जैसे विभिन्न डेटा फॉर्मेट को समझता और उनका इस्तेमाल करता है. ये मोबाइल के अनुकूल और डेटा सेंटर वर्जन में उपलब्ध है, जो अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से इसे सुलभ बनाता है।

गूगल जेमिनी का प्रयोग प्रशिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण एवं सहायक हो सकता है, देखें कैसे:-

**उत्पादकता बढ़ाने में सहायक:** विभिन्न कार्यों को मैनेज करने में सहायक, जैसे: प्रस्तुतिकरण तैयार करना या ईमेल का मसौदा तैयार करना, जेमिनी वर्कफ़्लो को सुव्यवस्थित करने और बहुमूल्य समय बचाने में मदद कर सकता है ।

**प्रशिक्षण को बेहतर बनाना:** रचनात्मक पाठ योजनाएं तैयार करना, छात्रों के सवालों का जवाब देने के लिए नए तरीकों का सुझाव प्राप्त करना या जटिल विषयों को संक्षेप में तैयार करना । जेमिनी शिक्षकों को छात्रों की जरूरतों और रुचियों के अनुसार सामग्री तैयार करने में मदद कर सकता है, जिससे सीखने और सिखाने का अधिक आकर्षक अनुभव प्राप्त होता है ।

**समय की बचत:** जटिल कार्यों को स्वचालित करना, स्प्रेडशीट में डेटा का विश्लेषण करना या कुशलतापूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करना । जेमिनी समय लेने वाले कामों को संभाल सकता है, जिससे प्रशिक्षक अन्य अधिक रणनीतिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं ।

जेमिनी एक बुद्धिमान सहायक के रूप में कार्य करता है, जो प्रशिक्षकों को सबसे महत्वपूर्ण चीज - प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने में सहायता करता है ।

चित्र तथा जानकारी का सोर्स https://gemini.google.com

**इस विषय पर अधिक जानकारी अथवा उपयोग हेतु दिए गए QR कोड को अपने मोबाइल कैमरे से स्कैन करें।**

**कृपया इस सूचना बुलेटिन के आगामी अंकों में अधिक जानकारी के लिए बने रहें।**

Pub. by – ISTM Library

May 2024

Vol. – 3, Issue – 4

# ISTM Library Information Bulletin

The purpose of this "Information Bulletin" is to spread awareness about the services and activities of the ISTM Library and Research and Management Tools available as "Open Access" for the use of all the users.

# GOOGLE GEMINI

## ABOUT GEMINI:




Google Gemini is a versatile AI tool that understands and uses various data formats such as text, code, image, and audio. It is available in mobile-friendly and data center versions, making it accessible for different needs.

The use of Google Gemini can be important and helpful for trainers, see how:-

**Helpful in increasing productivity:** Assisting in managing various tasks such as preparing presentations or drafting emails, Gemini can help streamline workflows and save valuable time.

**Enhancing Creativity in training:** Creating creative lesson plans, receiving suggestions for new ways to answer students' questions, or summarizing complex topics. Gemini can help teachers prepare content tailored to students' needs and interests, resulting in a more engaging learning and teaching experience.

**Saving time:** Automating complex tasks, analyzing data in spreadsheets, or efficiently retrieving important information. Gemini can handle time-consuming tasks, allowing trainers to focus on more strategic aspects.

Gemini acts as an intelligent assistant, helping trainers focus on the most important thing - training.

Source of the image and information: [https://gemini.google.com](https://gemini.google.com)

**SCAN THIS QR CODE TO KNOW MORE AND ACCESS GOOGLE GEMINI**

**Please stay tuned for more information in upcoming issues of this information bulletin.**

# प्रबंधन उपकरणों की चर्चा
# मई 2024

यह खंड एक प्रबंधन उपकरण का विवरण करता है, जो दिनचर्या में आधिकारिक और व्यक्तिगत प्रबंधन में उपयोगी है।

## GAMIFICATION: A TOOL FOR TRAINING




**चित्र का सोर्स:** https://www.redappletech.com/wp-content/uploads/2019/02/Gamification.png

गेमिफिकेशन एक बोरिंग प्रशिक्षण को एक रोमांचक खेल में बदल देता है । यह अंक, बैज और लैडरबोर्ड जैसे तत्वों का उपयोग करता है ताकि सीखने की प्रक्रिया मजेदार और आकर्षक बन सके। यहां बताया गया है कि यह कैसे काम करता है:

- **प्रशिक्षुओं की सिखने में व्यस्तता:** खेल स्वाभाविक रूप से मजेदार होते हैं, इसलिए गेमिफाइड प्रशिक्षण भागीदारी को बढ़ाता है और प्रशिक्षुओं की सिखने में व्यस्तता बनाए रखता है।
- **प्रेरणा:** अंक, बैज, और लैडरबोर्ड एक मित्रवत प्रतिस्पर्धा बनाते हैं, जो अध्यायकों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करते हैं ।
- **चुनौतियों द्वारा प्रशिक्षण:** अध्ययन को छोटे-छोटे चुनौतियों में विभाजित किया जाता है, जिससे याद रखना आसान हो जाता है।
- **सक्रिय साझेदारी:** व्याख्यानों के विपरीत, गेमिफ़ाइड प्रशिक्षण शिक्षार्थियों को समस्याओं को सुलझाने और निर्णय लेने में सहायता करता है।
- **साथ-साथ सीखना:** टीम-आधारित चुनौतियाँ और सहयोगात्मक गतिविधियाँ सामाजिक शिक्षा और ज्ञान साझा करने को प्रोत्साहित करती हैं।

**उदाहरण:**

गेमिफ़िकेशन के माध्यम से सीखने का सबसे अच्छा उदाहरण **डुओलिंगो है - गेम खेलते समय विभिन्न भाषाएँ सीखने का एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म ।**

duolingo

Source for more information on this topic :
https://www.sciencedirect.com/science/article/abs/pii/S1875952121000276

स्वयं सीखने हेतु दिया गया QR कोड स्कैन करें

**कृपया इस सूचना बुलेटिन के आगामी अंकों में अधिक जानकारी के लिए बने रहें।**

# Talk of the Management Tools

May 2024

This section covers a one of the Management tools, useful in day to day official and personal management.

## GAMIFICATION: A TOOL FOR TRAINING




**Source of image:** https://www.redappletech.com/wp-content/uploads/2019/02/Gamification.png

Gamification turns boring training into an exciting game! It borrows elements like points, badges, and leaderboards to make learning fun and engaging. Here's why it works:

- **Engaged Learners:** Games are naturally fun, so gamified training boosts participation and keeps learners invested.
- **Motivated Minds:** Points, badges, and leaderboards create a friendly competition, pushing learners to excel.
- **Sticky Knowledge:** Learning is broken down into bite-sized challenges, making it easier to remember.
- **Active Participation:** Unlike lectures, gamified training gets learners involved, solving problems and making decisions.
- **Learning Together:** Team-based challenges and collaborative activities encourage social learning and knowledge sharing.

**Example:**

One of the best examples of learning through Gamification is **Duolingo - An online platform to learn different languages while playing a game.**

duolingo

Source for more information on this topic :
https://www.sciencedirect.com/science/article/abs/pii/S1875952121000276



**SCAN THIS QR CODE FOR SELF LEARNING**

**Please stay tuned for more information in upcoming issues of this information bulletin.**

# नव–आगमन से / From the New Arrivals
## मई / May 2024

इस खंड में नव आगमन सेक्शन से एक या दो पुस्तकों के कवर पेज के साथ साथ का संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है, इसके साथ यहाँ नवीनतम ट्रेंडिंग सामियिकियों की जानकारी भी दी जाती है।




### The FIRST CALL FOR FREEDOM: Unravelling 1857 in Lucknow

| | |
|---|---|
| Format | Book (Hardcover) |
| Author | Bisaria, Rakesh Kumar and Saxena, Sunil |
| Pub. & Desc. | New Delhi: Atlantic Publishers and Distributors: c2023, 302p: : 24.6cm. |
| ISBN | 978-8126936137 |
| Class No | 954.0298 |

It's all about: The First Call for Freedom: Unravelling 1857 in Lucknow is a unique and valuable effort in bringing to the fore stories of indomitable courage and initiation of freedom struggle in the then United Provinces. Spanning across the urban and rural areas of the Lucknow Division, it captures the historical turn of events, Indian discontent of British politics and administration, and the subject's response to the continued atrocities of colonialism. The Rebellion of 1857, variously referred to as the Sepoy Mutiny or India's first war for freedom, was a reaction against the British East India Company's rampant exploitation of the people and resources of annexed princely states.

To know more and read this book, please visit us @ ISTM Library.

### काग़ज़ की नाव

| | |
|---|---|
| Format | Book (Hardcover) |
| Author | शर्मा, नासिरा |
| Pub. & Desc. | नई दिल्ली: किताबघर प्रकाशन: 2023 , 294p: 22.5cm |
| ISBN | 978-93-83233-86-1 |
| Class No | 891.433 |




Its all about: नासिरा शर्मा हिंदी कथा साहित्य में अपनी अनूठी रचनाओं के लिए सुप्रसिद्ध हैं। उनकी कथा रचनाएं समय और समाज की भीतरी तहों में छिपी सच्चाइयां प्रकट करने के लिए पढ़ी व सराही जाती हैं। 'काग़ज़ की नाव' नासिरा शर्मा का विशिष्ट उपन्यास है। यह उपन्यास बिहार में रहने वाले उन परिवारों का वृत्तांत है, जिनके घर से कोई न कोई पुरुष खाड़ी मुल्कों में नौकरी करने गया हुआ है। वतन से दूर रहने वाले यहां छोड़ जाते हैं बुजर्शुगों से लेकर बच्चों तक का भरा-पूरा संसार। खाड़ी मुल्कों से आने वाले रुपए... और रिश्तों के अंधेरे उजाले। 'काग़ज़ की नाव' शीर्षक एक रूपक बन जाता है, यानी ज़रूरतों और ज़िम्मेदारियों के समंदर को चंद रुपयों के सहारे पार करने की कोशिश। नासिरा शर्मा यथार्थ के पथरीले परिदृश्य में उम्मीद की हरी दूब बखूबी पहचान लेती हैं। किष्स्सागोई उनका हुनर है। उनके पास बेहद रवां दवां भाषा है। सोने पर सुहागा यह कि इस उपन्यास में तो भोजपुरी भी खिली हुई है। 'काग़ज़ की नाव' ज़िंदगी और इनसानियत के प्रति हमारे यकषीन को पुख़्ता करने वाला बेहद ख़ास उपन्यास है।

To know more and read this book, please visit us @ ISTM Library.

## पुस्तकालय में इस सप्ताह के ट्रेंडिंग समीयिकी


























कृपया किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी, सूचना अथवा सुझाव देने के लिए पवन श्रीवास्तव, सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी को संपर्क करें। @ pawan.shrivastav@gov.in / library-istm@gov.in or @ 26737712

# नव–आगमन से / From the New Arrivals
## मई / May 2024

### इस माह के नव आगमन / Hanging in New Arrival Display this month































SCAN THIS QR CODE TO ACCESS ISTM LIBRARY'S FULL CATALOGUE ON YOUR MOBILE:




























कृप्या किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी, सूचना अथवा सुझाव देने के लिए पवन श्रीवास्तव, सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी को संपर्क करें I @ pawan.shrivastav@gov.in / library-istm@gov.in or @ 26737712

# पुस्तक समीक्षा / BOOK REVIEW
# मई / May 2024

## पुस्तक: धन-संपत्ति का मनोविज्ञान

"The Psychology of Money: Timeless Lessons on Wealth, Greed, and Happiness" एक बहुत ही मशहूर लेखक "मॉर्गन हाउज़ल" के द्वारा लिखी गई है। इसका प्रकाशन हैरीमन हाउस द्वारा किया गया है। यह पुस्तक 256 पृष्ठों की है। इस पुस्तक में बताया गया है कि मनुष्य की धन को लेकर किस प्रकार की प्रवृत्ति होती है और वह किन–किन बातों पर निर्भर करती है। लेखक ने बहुत से उदाहरण देकर यह दर्शाया है कि परिस्थितियों के साथ मानव के विचार कैसे बदलते हैं।




धन को मानव ने अपने आर्थिक और सामाजिक स्तर को प्रदर्शित करने के लिए एक माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया है। अर्थात वह किसी महंगी वस्तु की तुलना अपने धन से करता है और उसके संघर्ष को, जिसके द्वारा वह धन प्राप्त कर पाया, भूल जाता है। यही स्थिति हमारे समाज की है, जो धन को प्राथमिकता देता है न कि उस व्यक्ति के संघर्ष को।

हर वस्तु की अपनी कीमत होती है, यह सीख हमें इस पुस्तक के द्वारा प्राप्त होती है। परंतु, हम उस कीमत और उस सीख की भी कीमत लगाने लगते हैं, अर्थात हम उसके लक्ष्य से भटककर विपरीत दिशा की ओर जाने लगते हैं। हम एक अलग और दिखावे की ओर चल पड़ते हैं।

यह पुस्तक अमीर होना और अमीर बने रहना, इन दोनों बातों के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है। अर्थात, एक व्यक्ति बस अमीर होना चाहता है और कुछ ही समय तक संघर्ष करता है, जबकि दूसरा व्यक्ति अमीर बने रहना चाहता है और वह जीवन भर संघर्ष करता है।

इस पुस्तक में एक छोटे से उदाहरण के रूप में एक व्यक्ति रु50 लाख की कार खरीदता है। लेकिन उसके मन में बार–बार यह विचार आता है कि वह इस कार को अपनी खुशी और अपने वर्चस्व के दिखावे के लिए लाया है। फिर भी, उसके मन में उस वस्तु को लेकर एक डर बना रहता है। अर्थात, धन होना आपको उतनी खुशी नहीं देता जितना आपको समय और एक स्वस्थ शरीर देता है।

इसमें मौजूद दो उदाहरण व्यक्ति की सोच, परिस्थिति व नजरियों को दर्शाते हैं। प्रथम उदाहरण में 'रोनाल्ड' नामक व्यक्ति, जो कि एक चौकीदार है, जीवन भर कार्य करके अपने भविष्य के लिए आखिरी के दिनों के लिए 55000 करोड़ रुपये इकठा कर लेता है। वह एक अनपढ़ व साधारण व्यक्ति है। वहीं दूसरी ओर, 'रिचार्ड' नामक व्यक्ति, जो हावर्ड विश्वविद्यालय से पढ़ा हुआ है और किसी बड़ी कंपनी में कार्यरत है, उसके पास कुछ भी अर्जित धन नहीं होता है, अर्थात वह व्यक्ति दिवालिया होता है।

उपर्युक्त दोनों उदाहरणों से हमें यह सीख मिलती है कि व्यक्ति का शैक्षिक स्तर उसका आर्थिक स्तर निर्धारित नहीं कर सकता। बल्कि, व्यक्ति की समझ, सही निवेश के लिए एक–एक करके किए गए प्रयास, और मौजूदा स्थिति को देखकर भविष्य के लिए सकारात्मक सोच ही उसे लाभदायक साबित कर सकती है। "रोनाल्ड" नामक पात्र से मैं बहुत प्रभावित हुई हूं। वह एक मामूली व्यक्ति है, परंतु उसकी सोचने की (समझदारी) दक्षता उसे बाकी लोगों से अलग दिखाती है।

साथ ही, व्यक्ति का सदा गरीबी में रहना, उसकी अमीरी से गरीबी में आना ज्यादा दुखदायी होता है। वह उस स्थिति में अपना संयम खो देता है और नकारात्मक चीजें सोचने लगता है। एक व्यक्ति की सफलता और असफलता दोनों उसकी विचारधारा पर निर्भर करती हैं, और साथ ही संयम रखना भी महत्वपूर्ण है। सफलता के लिए समय लगता है, अर्थात वह धीरे–धीरे आती है, परंतु एक सफल व्यक्ति को उसका एक गलत निर्णय असफल बना सकता है।

इस पुस्तक से मुझे कई महत्वपूर्ण सीख मिली हैं, जैसे कि निवेश हमेशा पूरी जानकारी और सोच–समझ के साथ करना चाहिए। एक गलत निवेश निर्णय आपको भारी पड़ सकता है। साथ ही, निवेश हमेशा लंबे समय के लिए करना चाहिए क्योंकि हर वस्तु की कीमत आज नहीं तो कल बढ़ेगी। निवेश हमेशा एक सकारात्मक भाव से करें और आशावादी बने रहें। अपने समय को प्राथमिकता दें, व्यर्थ की वस्तुओं की तुलना में, और समय–समय पर अपने लक्ष्य निर्धारित करते रहें। इससे आपको सफलता मिलती रहेगी और आपका विकास होता रहेगा।



**-Monika Bawari, Ex-DEO, ISTM**